28 Feb-JANJ bhoomi PG-1_Layout 1 2/28/2025 9:47 PM Page 1

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 1 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 18. 0 डिग्री

2

श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### जांजगीर में नर्सिंग कॉलेज खोलने चंदेल ने रखी मांग



**जांजगीर-चांपा।** पिछले दिनो छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन प्रेषित कर जांजगीर-चाम्पा जिले के जिला मुख्यालय में नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। श्री चंदेल ने अपने ज्ञापन में कहा है कि जांजगीर-चाम्पा जिला कृषि प्रधान जिला है, यहां नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ करने की मांग पुरानी है। पिछली सरकार में भी मैंने इस आशय का ज्ञापन शासन को प्रेषित किया था और विधानसभा में इस मुद्दा के विषय को उठाया था। उन्होंने जनभावनाओं का सम्मान करते हुये जिला मुख्यालय जांजगीर में उक्त महाविद्यालय को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

### जांजगीर-चांपा में जिला पंचायत अध्यक्ष - उपाध्यक्ष का चुनाव 5 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति एवं तिथि निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार अपर कलेक्टर उज्वल पोरवाल पीठासीन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 5 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत ग्राम पंचायतो का प्रथम सम्मिलन 3 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया है कि प्रथम सम्मिलन की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न हो।

### नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**बाराद्वार।** नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने वाला आरोपी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी रोहित कुमार सिदार द्वारा उसकी नाबालिक लडकी को छेडछाड की अश्लील विडियो बनाकर फेसबुक, वॉटसप एवं इंस्टांग्राम मे फोटो अपलोट करने की धमकी देकर लड़की से पैसा मांग करता था। मामले की रिपोर्ट पर बाराद्वार पुलिस ने अपराध कायम कर जांच शुरू की। मुखबीर की सूचना पर ग्राम थाना सक्ती क्षेत्र के ग्राम नौरंगपुर से आरोपी रोहित कुमार सिदार पिता चंदर सिंह सिदार उम्र 20 साल निवासी को गिरफ्तार किया गया।

### पेड़ पर लटकती मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम कुटराबोड के हेड़सपुर खार में नाले के पास एक पेड़ से युवक की लाश लटकती हुई मिली है। शव करीब दो-तीन दिन पुराना बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सुबह जब ग्रामीणों ने पेड़ से लटकती हुई लाश देखी, तो तुरंत गांव में यह खबर आग की तरह फैल गई। लेकिन मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का मानना है कि शव किसी अन्य गांव के व्यक्ति का हो सकता है। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है कि यह कौन है और यहां कैसे आया। हालांकि पामगढ पुलिस हर बिन्दुओं पर जांच कर खुलासा करने का प्रयास कर रही हे।





कलेक्टोरेट मार्ग किनारे इस तरह से उजाड़ हो रही हरियाली।

## प्रशासन संवेदनहीन : गुजरने वाले अफसरों को झांकने तक की फुर्सत नहीं

# प्रतिबंधित पेड़ों की बेखौफ कटाई उजाड़ हो रहा कलेक्टोरेट मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले का सबसे बड़ा प्रशासनिक अमला किस कदर संवेदनहीन हो चुका है। इसका एक और उदाहरण उजाड़ होते कलेक्टोरेट मार्ग के रूप में देखा जा सकता है। यहां एक ओर प्रतिबंधित अर्जुन पेड़ के अलावा शीशम वृक्षों की बेरोक टोक कटाई हो रही है, तो वहीं निजी भू स्वामी अपनी जमीन तक रास्ता बनाने प्रतिबंधित पेड़ों को रातों रात काटने के अलावा हरे भरे पेड़ों पर बड़ी मात्रा में मिट्टी डालकर उन्हें जमीदोज करने का काम भी कर रहे है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन को झांकने तक की फुर्सत नहीं है।

जिला मुख्यालय जांजगीर में वैसे तो हरे भरे पेड़ों की कटाई और प्लाटिंग वाले हिस्से में सरकारी जमीन पर मिट्टी, मुरूम डालकर रास्ता बनाने की शिकायतें कोई नई बात नहीं है, लेकिन वर्तमान में जिम्मेदार जिला प्रशासन की निष्क्रियता और संवेदनहीनता के चलते तत्कालीन अफसरों द्वारा संजोयी गई हरियाली भी उजड़ने लगी है। शहर के सबसे व्यवस्तम मार्ग पर नेशनल हाइवे कलेक्टोरेट मोड़ से पुलिस अधीक्षक के निवास तक एक साइड सड़क किनारे की हरियाली अब उजाड़ होने लगी है। इस मार्ग पर रास्ता निकालने और निर्माण कार्य करने के फेर में ना केवल हरियाली को सुरक्षित रखने के लिए पूर्व में लगाए गए फेसिंग घेरे को तोड़ दिया गया है बल्कि प्रतिबंधित अर्जुन पेड़ों के साथ शीशम, नीम जैसे अन्य हरे भरे पेड़ों की बेखौफ कटाई हो रही है। कभी सघन पेड़ों से आच्छादित रहने वाला यह एरिया अब धीरे धीरे उजाड़ होने लगा है। बताया जाता है कि रात के समय पेड़ों की टहनियों को काट करके रखा जाता है। इसके बाद एक दो, एक दो करके पेड़ों की भी बलि चढ़ा दी जाती है। इसकी गवाही यहां के बचे ठूंठ दे रहे है। वर्तमान में दर्जनों ठूंठ देखे जा सकते है। इसके अलावा ठूंठ को भी मिट्टी पाटकर दबाने का काम हो रहा है। सिलसिला यही तक नहीं है। कुछ जगहों पर निर्माण कार्य शुरू करते हुए पेड़ों को गले तक मिट्टी तक पाट दिया गया है। वर्तमान में दर्जनों ठूंठ देखे जा सकते है। इसके अलावा ठूंठ को भी मिट्टी पाटकर दबाने का काम हो रहा है।उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर जिले के मुखिया सहित सभी जिला अधिकारियों का आना जाना लगा होता है। बावजूद इसके इस मार्ग की हरियाली को बढ़ाना तो दूर की बात संरक्षित करने की दिशा में भी किसी का ध्यान नहीं है।

### नजर नहीं आ रहे पर्यावरण के हितचिंतक

जिले में पर्यावरण प्रेमियो की भी कमी नहीं है। विश्व पर्यावरण दिवस हो या फिर अन्य कोई आयोजन। जिले के सिमटते वन क्षेत्र और हरियाली को संजोए रखने को लेकर दुनिया भर की बातें कही जाती है, लेकिन जिला मुख्यालय में जिले के जिम्मेदार मुखिया के दफ्तर पहुंच मार्ग पर उजड़ती हरियाली पर किसी का ध्यान नहीं है। उल्लेखनीय है कि जिले के तत्कालीन अफसरों ने कलेक्टर बंगला के लिए इस जगह का चयन किया तो इस मार्ग पर वृहद रूप से पौधरोपण किया गया था। इतना ही नहीं हरियाली को बचाने के लिए सड़क के दोनों ओर तार फेंसिंग की गई थी, लेकिन वर्तमान में तार फेसिंग तो दूर की बात हरियाली का आसितत्व ही खतरे में पड़ गया है।

### करेंगे कार्रवाई

कलेक्टोरेट मार्ग किनारे पेड़ों की कटाई क्यों और कैसे हो रही है। इसकी जानकारी ली जाएगी। वन विभाग और राजस्व विभाग के साथ पालिका को भी निर्देशित करेंगे। तत्काल रोक लगाई जाएगी।

**-उज्जवल पोरवाल,**
एडीशनल कलेक्टर
जांजगीर चांपा

# जिले के 75 केंद्रों में आज से शुरू होगी बोर्ड परीक्षा

## एग्जाम में शामिल होंगे साढ़े 26 हजार परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छतीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से शुरू होगी। दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 26 हजार 749 परीक्षार्थी शामिल होगें। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 75 केन्द्र बनाए गए है।

गौरतलब है कि 12 वीं बोर्ड की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होगी, जो 28 मार्च तक चलेगी। जिले के 10 हजार 958 विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। इसी तरह 10 वीं की बोर्ड परीक्षा 3 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेगी। इस परीक्षा में 15 हजार 791 परीक्षार्थी शामिल होगें। दोनों क्लास के बोर्ड एग्जाम में 26 हजार 749 परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12 बजकर 15 मिनट तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा दिलाने वाले विद्यार्थी जहाँ पढाई में व्यस्त हैं। वहीं शिक्षा विभाग ने भी तैयारी पूरी कर ली है। परीक्षा के लिए जिले में 75 केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों में पंखा, पेयजल, शौचालय, कुर्सी, टेबल की समुचित ब्यवस्था बनाई गई है। नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। जिला स्तर के साथ ही विकासखंड स्तर पर भी उडनदस्ता दल तैयार किए गए हैं। ये टीम परीक्षा केन्द्रों में औचक रूप से पहुंच कर जांच करेगी और नकल का मामला सामने आने पर प्रकरण भी दर्ज किया जाएगा।

### 15 संवेदनशील तो 6 अतिसंवेदनशील केंद्र

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 75 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 15 संवेदनशील तो 6 अतिसंवेदनशील केंद्र शामिल हैं। पिछले साल 70 केंद्रों में परीक्षा हुई थी। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस साल 5 ने केंद्र खोले गए हैं। नए केंद्रों में लोहर्सी, रसौटा, अमोरा, किरारी और चोरिया का शासकिय हायर सेकंडरी स्कूल शामिल है।

### परीक्षा केंद्र में 188 परीक्षार्थी होंगे शामिल



**गोधना।** छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बोर्ड कक्षा 12वीं के परीक्षा का आयोजन 1 मार्च से होगा। जिसमें गोधना के शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोधना में कक्षा 12वीं के हिंदी विषय में कुल 188 परीक्षार्थी भाग लेंगे। जिसमें एक दृष्टि बाधित परीक्षार्थी भी शामिल है। वहीं इस परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए 1 से लेकर 7 कक्ष क्रमांकों में परीक्षा बैठक व्यवस्था की गई है। वहीं परीक्षा केंद्र में मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली ,टेबल, कुर्सी की व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है।

# युवक की हत्या के बाद जागी पुलिस, कड़ा पंच की जब्ती बनाकर थपथपा रही पीठ



जब्त कड़ा के साथ पुलिस टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

**खास बात**

- युवक की हत्या को लेकर चलाया गया विशेष अभियान

शिवरीनारायण मेला में भीड़ के बीच युवक की हत्या के बाद शिवरीनारायण की पुलिस नींद से जागी। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में मेला में घुमने वाले संदिग्धों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान 6 सौ से अधिक स्टील का कड़ा और हथियानुमा पंच जब्त किया गया।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण में 11 फरवरी से प्रारंभ हुए ऐतिहासिक माघी मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर दर्शन एवं मेले का आनंद लेने आ रहे हैं। यह मेला जिले की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मेले के शुरुआती दिनों में मामूली विवाद के चलते कुछ व्यक्तियों ने एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपियों एवं एक अपचारी बालक ने हाथों में वज़नी स्टील के कड़े पहने थे। पुलिस ने अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी यदुमणि सिदार के नेतृत्व में मेले में घूमने वाले उन युवकों की पहचान की गई, जिनके व्यवहार में संदेह था, और जो समूह बनाकर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त दिख रहे थे। अपराधों को रोकने के लिए पुलिस ने ऐसे 6 सौ से अधिक स्टील के कड़े उतरवाकर जमा कराए। इसके अतिरिक्त, कुछ युवकों द्वारा स्टील के पंच भी पहने गए थे, जिन्हें पुलिस ने तुरंत उतरवाया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की सक्रिय उपस्थिति पुलिस टीम लगातार मेले में गश्त कर रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में डीएसपी जितेंद्र कुमार खूंटे, अनिल कुमार कुर्रे, निरीक्षक मनीष तंबोली, निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, निरी. सत्यकला रामटेके, निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण, प्रमोद कुमार महार, नरेंद्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक तरीकेश पाण्डेय शिवनंदन जलतारे, आरक्षक श्रीकांत सिंह, द्वारिका प्रसाद साहू, विवेक ठाकुर का योगदान रहा।

# 15 दिनों के भीतर बिजली बिल नहीं पटाने वाले 8 सौ के काटे गए कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



विद्युत विभाग द्वारा 15 दिनों में बिजली बिल नहीं पटाने वाले 8 सौ विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है। बिजली विभाग द्वारा मेगा बिजली बिल बकाया वसूली अभियान चलाया जा रहा है।

विद्युत विभाग द्वारा मेगा बिजली बिल बकाया वसूली अभियान चलाकर विगत 15 दिनों में बिजली बिल नहीं पटाने वाले 8 सौ विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया। अधीक्षण अभियंता अमर चौधरी एवं कार्यपालन अभियंता राजेश कुमार चौहान ने बताया कि बकाया बिजली बिल भुगतान के लिए सघन लाइन विच्छेदन का अभियान चलाया जा रहा है I जिसमें जांजगीर चांपा वृत्त के चांपा संभाग के सभी सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता एवं शक्ति संभाग के सभी सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता एवं सतर्कता प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता के साथ लाइन कर्मचारियों सहित टीम गठित कर लाइन विच्छेदन का कार्य किया जा रहा है। अकलतरा संभाग के अधीनस्थ कुल 20755 उपभोक्ताओं पर 40 करोड़ रुपए से ज्यादा की बकाया राशि लंबित है। टीम द्वारा बकाया उपभोक्ताओ को मौके पर बिल पटाने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन बिजली बिल नहीं पटने पर उनका लाइन विच्छेदन किया जा रहा है साथ ही बिना बिल पटाए लाइन जोड़ने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी जा रही है। इसी कड़ी में अकलतरा संभाग में 15 दिन में 800 उपभोक्ताओं के लाइन विच्छेदन किया गया तथा 367 उपभोक्ताओं से 60 लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि वसूल की जा चुकी है। बकाया राशि वसूली हेतु टीम में सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे हैं। इससे बिजली बिल नहीं पाटने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप पहुंचा हुआ है साथ ही लाइन काटने की दर से बिजली बिल का तत्काल भुगतान कर रहे हैं। ऐसे उपभोक्ता जो समय पर अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं करेंगे उन्हें लाइन काटने पर किस्त में भुगतान की सुविधा नहीं दी जाएगी। 28 फरवरी को पामगढ़ शिवरीनारायण एवं अकलतरा क्षेत्र के 377 उपभोक्ताओं जिनकी 91 लाख की बकाया राशि थी, के लाइन विच्छेदन की गई थी। जिनमें से 176 बकायादार उपभोक्ताओं से 25 लाख से ज्यादा की बकाया राशि वसूली की गई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मेगा बकाया बिजली बिल अभियान शुरू किया जाएगा जिसमें लगातार बकाया राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

### दावा आपत्ति करने के लिए आज अंतिम दिन

**जांजगीर-चांपा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर द्वारा विभिन्न रिक्त पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। सहित स्वयं उपस्थित होकर, डाक के माध्यम से दावा-आपत्ति 1 मार्च तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा-आपत्ति आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## परिचालकों के लाइसेंस नहीं, 15 यात्री बसों पर कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** बिना परिचालक लाइसेंस के संचालित 15 यात्री बसों पर परिवहन उड़नदस्ता ने कार्रवाई की है। बस संचालको से 57 सौ रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। यात्री बसों का नियम विरुद्ध संचालन किये जाने की शिकायत पर उप सचिव राज्य परिवहन प्राधिकार छत्तीसगढ़ द्वारा बिना परिचालक लाइसेंस के चल रही यात्री बसों पर कार्यवाही करने करने निर्देश जारी किया गया है। निर्देश के परिपालन में परिवहन उड़नदस्ता कोरबा द्वारा 25 फरवरी एवं 26 फरवरी को जिले में जांच की गई। इस दौरान बिना परिचालक लाइसेंस के 15 यात्री बसों पर कार्यवाही करते हुए 57 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। 28 फरवरी को जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के यात्री बस संचालकों का बैठक ली गई। बैठक में डीटीओ ने समस्त बस संचालकों को परिचालकों का परिचालक लाइसेंस बनवाने, निर्धारित वर्दी पहनने, परिचालक कर्तब्य पर रहना एवं अच्छा आचरण का होना तथा यात्रीयों से सभ्य और शिष्ट व्यवहार करने निर्देशित किया।

## सेवा सहकारी समिति पोंडीशंकर में 500 बोरी यूरिया का कराया भंडारण

# खाद दुकानों की जांच कर संचालकों को थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रबी फसल के लिए किसानों को इन दिनों खाद की जरूरत पड़ रही है। इधर समितियों और निजी दुकानों में खाद की किल्लत हो रही है। ऐसे में विभाग की टीम ने खाद दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर निजी दुकान के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं पोड़ीशंकर के सेवा सहकारी समिति में किसानों के लिए 5 सौ बोरी यूरिया का भंडारण कराया गया।

जिला स्तरीय उर्वरक गुण नियंत्रण दल द्वारा जिले के कृषकों को सुगमता पूर्वक गुणवत्तायुक्त कृषि बीज, उर्वरक, कीटनाशक उपलब्ध कराने हेतु निरीक्षण दल द्वारा लगातार जिले में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का सघन जांच किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत ने बताया कि विकासखण्ड बम्हनीडीह में ग्राम पोडीशंकर में कृषकों के द्वारा अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय की शिकायत पर जांच किया गया। कृषकों द्वारा बताया गया कि संबंधित सेवा सहकारी समिति में तद्समय उर्वरक उपलब्ध नहीं होने के कारण अन्य जिले से खाद क्रय किया जाता है। उक्त समस्या का निराकरण करते हुए उप संचालक कृषि द्वारा तत्काल सेवा सहकारी समिति पोंडीशंकर में 500 बोरी यूरिया खाद का भंडारण कराया गया। कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें बम्हनीडीह के मेसर्स अनुपम कृषि केन्द्र, मेसर्स पटेल कृषि केन्द्र एवं मेसर्स संदीप कृषि केन्द्र उर्वरक प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान अनुज्ञप्ति में स्त्रोत बिना दवाई का भंडारण एवं वितरण करते पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक संचालक कृषि अलेक्जेंडर कुजूर, जिला निरीक्षक शिव कुमार राठौर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अखिलेश तंवर, ओट्टी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कल्याण सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



प्रतिष्ठानों की जांच करने पहुंचे अफसर।

# शराब के नशे में चाकू लहराकर उत्पात मचाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शराब के नशे में चाकू लहराते हुए महिला के घर में घुसकर गाली गलौज व तोडफोड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को रामेश्वर राठौर शराब के नशे में धुत होकर एक महिला के घर में जबरदस्ती घुस गया और चाकू लहराते हुए गाली-गलौच करने लगा। इसके बाद उसने घर के दरवाजे पर जोरदार लात मारकर उसे तोड़ दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए नवागढ़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसके पास से चाकू बरामद किया गया और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(3), 333 बीएनएस के तहत आरोपी पर केस दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

28 Feb-JANJ bhoomi PG-02_Layout 1 2/28/2025 10:15 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पुरातन शिव मंदिर में मनाया गया शिवरात्रि

**कोरबा।** गेवरा बस्ती तालाब में स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि के दिन वार्ड क्रमांक 28 के भाजपा पार्षद श्रवण कुमार यादव ने अपने पत्नी के साथ किया जलाभिषेक वार्ड क्रमांक 24 के पार्षद राजकुमार एवं वार्ड क्रमांक 27 के पार्षद इन्द्रजीत कंवर भी पूजा में शामिल हुए। नवनिर्वाचित पार्षदों के द्वारा अपने-अपने वार्ड वासियों के खुशहाली के लिए भगवान शिव शंकर से पूजा अर्चना किया गया। मंदिर समिति के द्वारा भोग प्रसाद में खीर-पूड़ी वितरण किया गया। शिवरात्रि के दिन मंदिर में शिवरात्रि व्रत-पूजन किया गया। सुबह से शाम तक भक्तजनों का मंदिर में आना लगा रहा, गेवरा बस्ती तालाब में स्थित शिव मंदिर की पूजा-अर्चना पूरे गेवरा बस्ती, धरमपुर सहित आस पास भक्त जन करने आते हैं।

### श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



**कोरबा।** कुसमुंडा के ग्राम मनगांव लक्ष्मण नगर में गुरूवार को श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ। सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के संस्थापक पंडित देवशरण दुबे अपनी संगीतमयी मधुर वाणी से श्रीमद भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। पंडित देवशरण दुबे जी ने कथा के प्रथम दिवस श्रीमद भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा करने अथवा सुनने से न केवल मनुष्य को औलोकिक सुखों की प्राप्ति होती है, बल्कि हर प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। यह कथा 27 फरवरी से ग्राम मनगांव लक्ष्मण नगर कुसमुंडा में प्रतिदिन शाम 4 बजे से चलेगी और 6 मार्च को सहस्त्रधारा गीता हवन एवं भोग भंडारे के साथ विश्राम दिया जाएगा। मुख्य यजमान जायसवाल परिवार तथा कश्यप परिवार, ग्राम मनगांव लक्ष्मण नगर कुसमुंडा के समस्त ग्रामवासी एवं सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के कोरबा जिला शाखा प्रभारी डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### दर्री बरॉज पुल पर हुआ हादसा आवागमन हुआ था बाधित



**कोरबा।** कोरबा की ओर से आ रही बोलेरो पिकअप वाहन के चालक ने वाहन का परिचालन करते समय गार्डर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। गार्डर दर्री बरॉज के पास मेजर ध्यानचंद चौक के पास लगा है। पिकअप चालक दर्री की ओर आ रहा था और उसने सीधे गार्डर को टक्कर मार दी। इससे लोहे के पाइप से बना गार्डर क्षतिग्रस्त होकर वाहन पर गिर गया। पिकअप वाहन भी सामने का से क्षतिग्रस्त हो गया। दर्री बरॉज पर यह गार्डर बड़े वाहनों को पुल से गुजरने से रोकने के लिए लगाया गया है। गार्डर के क्षतिग्रस्त होने से दर्री बरॉज पुल पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया था।

---

**सभापति की रेस में हितानंद, नरेंद्र, अशोक के नाम सबसे आगे**

# नगर निगम में सभापति को लेकर दावेदारों ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हितानंद अग्रवाल



अशोक चावलानी



नरेन्द्र देवांगन

नगर निगम के चुनाव में एतिहासिक जीत दर्ज कर भाजपा की श्रीमती संजू देवी राजपूत महापौर पद पर आसीन हो गई हैं। सदन में साथ देने बहुमत से ज्यादा पार्षद चुनाव जीत कर आए हैं। भाजपा के लिए अब सभापति का चयन करना आसान नहीं रह गया है। हालांकि संगठन ने इसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है। नगर निगम के लिए पुरंदर सिंह को प्रभारी बनाया गया है।

**खास बात**

- संगठन की ओर से मिलने वाली गाइड लाइन के अनुसार चुने जाएंगे सभापति

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा से लगभग आधा दर्जन से ज्यादा दिग्गज चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं, ऐसे में किसी एक का चयन करने में संगठन उलझ सकता है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, केबिनेट मंत्री के भाई नरेन्द्र देवांगन, पूर्व सभापति अशोक चावलानी नगर निगम में सभापति पद के प्रबल दावेदार हैं। हालांकि परिवारवाद के आरोप से बचने नरेंद्र देवांगन की दावेदारी कमजोर हो सकती है। वहीं दूसरी ओर तीसरी बार अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से हजारों वोट से अधिक मतों से जीत दर्ज करने वाले भाजपा पार्षद हितानंद अग्रवाल को सभापति बना दिया जाए तो हैरानी नहीं होगी। राजनीतिक विशेषज्ञों की माने तो जिस तरह महापौर प्रत्याशी के चयन में भाजपा ने सबको चौकाया है वैसे ही गुटबाजी दूर करने नए नाम सामने लाकर भाजपा फिर सबको चौंका सकती है। सूत्रों की मानें तो 3 मार्च को महापौर व पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद भाजपा सभापति का नाम तय किया जाएगा। इसके लिए बकायदा प्रभारी की नियुक्ति की गई है। नगर निगम कोरबा में पुरंदर सिंह को प्रभारी बनाया गया है। संगठन की ओर से मिलने वाली गाइडलाइन के अनुसार सभापति चुने जाएंगे। इसके लिए पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी। जल्द की प्रक्रिया की शुरुआत होगी। सभापति के नामों पर स्थानीय स्तर पर चर्चा की जाएगी, योग्य पार्षदों को जवाबदारी दी जाएगी। भाजपा ने नगर निगम के साथ-साथ नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा और बांकीमोंगरा के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति किया है। दीपका के लिए राकेश तिवारी, कटघोरा के लिए हर्षिता पांडे और बांकीमोंगरा के लिए दिनेश सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं नगर पंचायत पाली के लिए संतोष देवांगन और नगर पंचायत छुरीकला के लिए आलोक सिंह को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षकों को जल्द अपने-अपने क्षेत्रो में पहुंचकर उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करने में जुट गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि अध्यक्ष की कुर्सी जिस वर्ग के लिए आरक्षित हुई है, उससे हटकर किसी अन्य वर्ग के व्यक्ति को उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। ताकि जातिगत और सामाजिक समीकरणों को साधा जा सके। अधिकांश पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में नए उपाध्यक्ष के नामों पर चर्चा चल रही है।

### दीपका में पार्षदों ने की दावेदारी



ज्योति तिवारी



आलोक परेडा



अरुणीश तिवारी

नगर पालिका दीपका में उपाध्यक्ष को लेकर सरगर्मी तेज हो गई हैं। गुरुवार को ही दीपका नगर पालिका परिषद के प्रभारी भाजपा नेता राकेश तिवारी ने भाजपा के सभी 12 निर्वाचित पार्षदों की बैठक ली है। बैठक में लगभग आधा दर्जन पार्षदों ने उपाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है। इनमें पार्षद अरुणीश तिवारी, ज्योति तिवारी, संगीता साहू, आलोक परेडा के नाम प्रमुख है। दीपका नगर पालिका में कुल 21 सीट है जिसमें से 12 पर भाजपा 6 पर कांग्रेस तो 3 पर निर्दलीय पार्षदों ने जीत का परचम लहराया है। दीपका नगर पालिका में इस बार महिला उपाध्यक्ष को लेकर चर्चाओं का बाजार सरगर्म है। सूत्रों की मानें तो भाजपा पार्षद ज्योति तिवारी या किसी अन्य महिला पार्षद को उपाध्यक्ष की जवाबदारी दी जा सकती है।

### पाली में भी बैठकों का दौर जारी

नगर पंचायत पाली में भी उपाध्यक्ष को लेकर बैठकों का दौर जारी है। गुरुवार को पाली के प्रभारी संतोष देवांगन के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में कई पार्षदों ने उपाध्यक्ष पद को लेकर अपने दावेदारी पेश की है। 15 वार्ड वाले नगर पंचायत पाली में 8 पर बीजेपी, 6 पर कांग्रेस तो 1 पर निर्दलीय पार्षद ने कब्जा जमाया है। नगर पंचातय पाली में उपाध्यक्ष पद के लिए लखन प्रजापति, चंद्रशेखर पटेल, उपेश चंद्रा, दीप्ती चंद्रा सहित अन्य लोगों ने दावेदारी पेश की है। आने वाले दिनों में जल्द ही उपाध्यक्ष के नामों पर स्थानीय स्तर पर चर्चा कर योग्य पार्षद को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी जाएगी।

### बांकी में उपाध्यक्ष को लेकर दोनों दलों ने झोंकी ताकत

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में भाजपा अपना प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष काबिज करा पाने में सफल हो गई है। हालांकि उपाध्यक्ष के पद पर भाजपा के काबिज होने को लेकर संशय के बादल छाए गए हैं। कांग्रेस जहाँ अपना उपाध्यक्ष बनाने की कवायद में जुआ हुआ है। वह खुद को मजबूत स्थिति में मानकर चल रहा है। हालांकि क्रॉस वोटिंग का खतरा दोनों ही दलों पर बना हुआ है। यहां कुल 30 वार्डों में 13 पर कांग्रेस तो 10 पर भाजपा का कब्जा है। 6 वार्डों में निर्दलीय पार्षद चुनाव जीतकर आये हैं तो एक में बसपा ने मैदान मारा है। सूत्रों की मानें तो 2 निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। जिससे अब कांग्रेस के पास 13 पार्षद हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपा को भी 2 निर्दलियों का समर्थन मिला है जिससे भाजपा का आंकड़ा 12 हो गया है। फिर भी कांग्रेस 2 से आगे है। शेष 2 निर्दलीय और 1 बसपा पार्षद किसके पाले में जाएंगे, यह वक्त बताएगा।

# एल्यूमिनियम फैक्ट्री में हादसा महिला की मौत, दूसरी गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक एल्यूमिनियम फैक्ट्री में दर्दनाक हादसा हो गया। कार्य के दौरान कालम खोदने के दौरान दो महिलाएं मिट्टीक में धंस गई, जहां एक महिला को गंभीरावस्था में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां ईलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। जबकि दूसरी महिला मजदूर को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पताढ़ी में हुई घटना

मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद पुलिस इस मामले में दुर्घटना में लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करेगी।जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र के पताढ़ी गांव में संचालित मारुति एल्यूमिनियम प्राइवेट लिमिटेड में निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान नींव खुदाई के दौरान वहां काम कर रही दो महिला मजदूर सीधे मिट्टीर के टीले में धंस गई। घटना के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और वहां पास में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और मिट्टीव में दबे दो महिलाओं को किसी तरह बाहर निकाला गया और ग्राम नरईडीह निवासी अहिल्या बाई 40 वर्ष पति हरनारायण को गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान अहिल्या बाई की मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला को मामूली चोट लगी थी, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे जिसके आधार पर पुलिस मामला दर्ज करेगी।

### पुरानी रंजिश को लेकर घर में चोरी कर आग

**कोरबा।** विगत दिनों कुसमुंडा क्षेत्र के मकान में धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने घर में आग लगा दी थी। इस चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है और चोरी की घटना को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात रहे कि कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर के मकान नंबर एम 1194 निवासी दिनेश कुमार भारती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 16 जनवरी को वह अपने परिवार के साथ विवाह समारोह में शामिल होने गया हुआ था। इस दौरान 23 फरवरी की 8 बजे जब वह अपने चाचा के घर से कुसमुंडा लौटा था, तभी घर की देखभाल के लिए चाबी दिए गए आयुष राजपूत ने फोन पर सूचना दी कि उसके मकान से धुआं निकल रहा है। जब उसने ताला खोलकर अंदर देखा तो पाया कि कमरे में आग लगी हुई थी और सामान जल रहा था और वह तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी और मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचकर आग पर काबू पाया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा चोरी के मामले को सुलझाने में लगे हुए थे। इस दौरान थाना प्रभारी श्री शर्मा को मुखबीर से सूचना मिली कि इस चोरी की घटना को संदीप पाटले नामक युवक ने अंजाम दिया है। जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

# महापौर व पार्षद 3 मार्च को लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा ने इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज किया है। भाजपा की महापौर प्रत्याशी संजूदेवी राजपूत ने एकतरफा कांग्रेस प्रत्याशी उषा तिवारी को हराकर दस साल बाद साकेत की सत्ता में भाजपा को वापसी करवाई है। इतना ही नहीं निगम के 67 वार्डों में से 45 वार्ड जीतकर भाजपा ने बता दिया है कि सत्ता की चाबी उनके पास ही है।

चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद नगर निगम कोरबा की नई महापौर संजू देवी राजपूत के साथ ही सभी विजेता पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 3 मार्च को आयोजित होगा। दोपहर 2 बजे घंटाघर के मैदान में यह समारोह आयोजित होगा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते हैं।

### दीपका में 2 मार्च को होगा शपथ ग्रहण

दीपका नगर पालिका परिषद में 2 मार्च को शाम 4 बजे नव निर्वाचित पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समारोह में उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन और भाजपा के कई दिग्गज नेताओं की उपस्थिति रहेगी।



# सात माह से धान खरीदी करने वाले समिति के कर्मचारियों को नहीं मिला मानदेय

**कोरबा।** धान खरीदी करने वाली सहकारी समितियों को उनके पिछले वर्ष की खरीदी की कमीशन राशि एक वर्ष पश्चात भी नहीं मिलने से समिति के कर्मचारियों को बीते सात माह से समिति प्रबंधक मानदेय नहीं दे पा रहे हैं। कमीशन राशि के अलावा प्रोत्साहन राशि और पीडीएस बोरा की भी राशि समितियों को नहीं दी गई है।

खरीदी के दौरान गड़बड़ी के मामले में कार्यवाही की मार झेलने वाली सहकारी समितियां इस वर्ष आर्थिक परेशानियां झेल रहे हैं। कर्मचारियों को सात माह से वेतन इसलिए नहीं मिला कि समिति के पास पिछले वर्ष की धान खरीदी की कमीशन राशि जो 31 सौ रुपए क्विंटल के दर से विपणन विभाग के द्वारा बैंक के माध्यम से दी जाती है वह एक साल बाद भी नहीं मिली है। इसके अलावा इन्सेंटीव राशि भी समितियों को दिया जाता है। यह राशि धान शार्टेज नहीं होने की स्थिति में समितियों को मिलती है। वह भी उन्हें नहीं मिल सकी है इन दोनों राशि के अलावा पीडीएस के बोरे की भी राशि नहीं प्रदान की गई है।

# दशहरा मैदान फेस वन में 2 मार्च को होगा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की बगिया का आयोजन

**कोरबा।** माई जी फाउंडेशन सोसायटी के तत्वाधान में 2 मार्च को घंटाघर ओपन थियेटर में आयोजित होने वाला छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की बगिया कार्यक्रम का आयोजन अब दशहरा मैदान राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस 1 में आयोजित होगा।



इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हर्षिता पाण्डेय, नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर संजूदेवी राजपूत एवं पार्षद नरेन्द्र देवांगन अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ी ललीज व्यंजनों के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। माई जी फाउंडेशन सोसासटी की श्रीमती निधि तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से कोरबा के लोगों को रुबरु कराना है। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मान किया जाएगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र. 60/ब-121/2024-2025
ग्राम-कोटिया तहसील-शिवरीनारायण

आवेदक सुरेश कुमार उम्र 33 वर्ष पिता श्री गोवर्धन जाति सतनामी निवासी कोटिया तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **एवं** आवेदिका कु. पुर्णिमा उम्र 22 वर्ष पिता श्री सरवन जाति केंवट निवासी ग्राम सिंघुल तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम कोटिया तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार उम्र 33 वर्ष पिता श्री गोवर्धन जाति सतनामी निवासी कोटिया तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. पुर्णिमा उम्र 22 वर्ष पिता श्री सरवन जाति केंवट निवासी ग्राम सिंघुल तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 12/03/2025 को 11:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/01/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर — 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर — 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) — 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम — 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) — 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
● एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
● गले की लेजर सर्जरी
● खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
● दांतों में ज्वेलरी लगाना
● बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

28 JANJ-JANJ PG-3_Layout 1 2/28/2025 10:31 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## मेकाहारा में भर्ती में विलंब से अभ्यर्थी निराश

**घरघोड़ा।** मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के द्वारा वार्ड बॉय वार्ड आया भर्ती हेतु वर्ष 2017 में निकाले गये भर्ती विज्ञापन में लगभग 08 साल बाद भी अभ्यर्थियों नियुक्ति की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शासन एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर छग द्वारा भर्ती प्रक्रिया पूर्ण किये जाने हेतु दायर रिट अपील। परिपेक्ष्य में 10 फरवरी 2023 के पारित आदेशानुसार वार्ड बॉय वार्ड आया 42 पदों हेतु 10 दिसंबर 2017 को लिखित परीक्षा ली गई। 27 जून 2023, 28 जून 2023 एवं 04 सितंबर 2023 तथा 23 जुलाई 2024 को स्क्रूटनी किया गया। उक्त संबंध में चयन समिति द्वारा की बैठक 31 जुलाई 2024 एवं 22 अगस्त 2024 को लिए गए निर्णय अनुसार मेडिकल कॉलेज द्वारा पात्र आपत्र क्रमांक 240 मई 012024 31 जुलाई 2024 को संशोधित कर 27, 28 जून 2023 04 सितंबर 2023 एंव 23 जुलाई 2024 को स्क्रूटनी लिए गए सभी अभ्यर्थियों की संशोधित अनंतिम पात्र आपत्र सूची पुनः जारी की गई। उक्त संशोधित एकजाई अनंतिम पात्र. आपत्र सूची के संबंध में अंतिम दावा आपत्ति 13 सितंबर 2024 तक निर्धारित की गई थी।

### कांग्रेस में नेता विपक्ष पर मंथन का दौर जारी, जयंत का नाम सबसे ऊपर

# सभापति बनने दर्जन भर पार्षद लगा रहे जोर, समर्थन जुटाने डोर टू डोर दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में पिछले कुछ समय से बीजेपी अपने राजनैतिक निर्णयों से सबको चौंका रही है। नगर निगम में मेयर का फैसला हो चुका है और अब निगम की सत्ता में कांग्रेस की तरफ से विपक्ष का नेता कौन होगा इस बात पर मंथन जारी है। वहीं निगम में सभापति की कुर्सी को लेकर भी सस्पेंस बरकरार है। सभापति की रेस में करीब एक दर्जन भाजपा पार्षद पूरा जोर लगा रहे हैं। इनमें अनुभवी के साथ साथ युवा चेहरे मैदान में हैं। पार्टी अनुभवी को प्राथमिकता देती है या फिर युवाओं पर विश्वास जताती है, इसका खुलासा जल्द होगा।

दरअसल भाजपा के महापौर शहर से ताल्लुक रखते हैं ऐसे में रायगढ नगर निगम की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण गद्दी, यानी सभापति का पद एक वर्ग् विशेष के उम्मीदवार को सौंपकर जातिगत समीकरण को साधने की भी चर्चा है।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने रायगढ में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर मेयर की चेयर पर तो कब्जा कर लियाए अब सभापति की कुर्सी हासिल करने की अंदरुनी जंग में कौन जीतेगा इसकी चर्चा है। रायगढ नगर निगम के 48 वार्डों में भाजपा के 34 पार्षद चुनकर आए हैं। इनमें से सभापति कौन बनेगा इसका फैसला फिलहाल नहीं हुआ है। इसके लिए पार्टी में मंथन जारी है। छत्तीसगढ़ के सभी नगर निगमों में सभापति चुनने के लिए भाजपा ने 10 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इनमें रायगढ के लिए ललित चंद्राकर को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अरुणधर व संगठन के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि सभापति का फैसला संगठन स्तर पर होगा।


रायगढ़ नगर निगम में सभापति बनने की दौड़ में शामिल संभावित चेहरे।

### जानिए कैसे होता है सभापति का चुनाव

सभापति पार्षदों में से ही किसी एक को बनाया जाता है। संसद या विधानसभा के स्पीकर की तरह नगर निगम की सामान्य सभा का संचालन करने का जिम्मा सभापति पर होता है। नगर निगम के नियमों के मुताबिक महापौर के शपथ ग्रहण के 15 दिन के भीतर सभापति तय किया जाना चाहिए। इसके लिए कलेक्टर नगर निगम में पार्षदों का सम्मेलन बुलाते हैं। इस सम्मेलन में पार्षद सभापति को लेकर वोट करते हैं। सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले को सभापति नियुक्त किया जाता है। इस बार प्रदेश की नगर निगमों में भाजपा को बहुमत मिला है। तय है सभापति भाजपा के ही होंगे। कई जगहों पर मतदान की स्थिति नहीं बनेगी, निर्विरोध सभापति चुने जाएंगे। इस प्रक्रिया से पहले भाजपा ने जिन्हें पर्यवेक्षक बनाया है, वो पार्षद दल की बैठक करेंगे। सभापति के नाम को लेकर रायशुमारी होगी। एक नाम तय होने के बाद पार्षद उसी का समर्थन करते हैं। आमतौर पर पार्टी के अनुशासन की वजह से ऐसा नहीं होता किए तय नाम के अलावा कोई पार्षद खुद को सभापति बनाए जाने की मांग करे।

### 12 पार्षदों में नेता प्रतिपक्ष कौन होगा

नगर पालिक निगम रायगढ में इस बार बीजेपी को प्रचंड बहुमत मिला है। बीजेपी के 34 पार्षद जीते हैं जबकि कांग्रेस के 12 और बीएसपी व निर्दलीय मिलाकर 2 पार्षद ही जीत पाए हैं। कांग्रेस के ज्यादातर पार्षद हार गए हैं, लेकिन जो जीते हैं, उनमें से वार्ड 19 के पार्षद सलीम नियारिया, वार्ड 13 के पार्षद जयंत ठेठवार और वार्ड 14 के पार्षद लक्ष्मी साहू का है। सलीम ने लगातार सात पंचवर्षीय पार्षद का चुनाव जीतकर प्रदेश में इतिहास रच दिया है तो पूर्व सभापति जयंत ठेठवार भी छठवी बार अजेय रहे हैं। कांग्रेसियों की ओर से जो खबर आ रही है, उसके अनुसार इन तीनों में से ही किसी एक नाम पर सहमति बन सकती है। जो आने वाले पांच सालों तक बीजेपी शासित नगर पालिक निगम में विपक्ष के नेता की भूमिका में होगा।

# शारीरिक विकास के लिए बहुत जरूरी है प्रोटीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शरीर में प्रोटीन के महत्व को बताने के लिए हर साल 27 फरवरी को विश्व प्रोटीन दिवस मनाया जाता है। विटामिन और प्रोटीन मानव शरीर के समुचित कामकाज के लिए आवश्यक पोषक तत्व हैं। विटामिन कार्बनिक यौगिक होते हैं जिनकी शरीर को सामान्य चयापचय और विकास को बनाए रखने के लिए कम मात्रा में आवश्यकता होती है, जबकि प्रोटीन अमीनो एसिड से बने जटिल अणु होते हैं जो शरीर में ऊतकों की वृद्धि और मरम्मत के लिए आवश्यक होते हैं।

प्रोटीन अमीनो एसिड की लंबी श्रृंखलाओं से बने होते हैं, जो पेप्टाइड बॉन्ड द्वारा एक साथ जुड़े होते हैं। 20 अलग-अलग अमीनो एसिड होते हैं, और शरीर उनमें से कुछ को संश्लेषित कर सकता है, जबकि अन्य को आहार के माध्यम से प्राप्त किया जाना चाहिए। प्रोटीन शरीर में ऊतकों की वृद्धि और मरम्मत के लिए आवश्यक हैं, और वे एंजाइम फ़ंक्शन, हार्मोन संश्लेषण और प्रतिरक्षा फ़ंक्शन में भी भूमिका निभाते हैं। प्रोटीन कई तरह के खाद्य पदार्थों में पाया जाता है, जिसमें मांस, मछली, मुर्गी, डेयरी उत्पाद, फलियां, मेवे और बीज शामिल हैं। प्रोटीन के पशु स्त्रोतों को पूर्ण प्रोटीन माना जाता है, क्योंकि उनमें सभी आवश्यक अमीनो एसिड सही अनुपात में होते हैं। प्रोटीन के पौधे के स्त्रोत आम तौर पर अधूरे होते हैं, क्योंकि उनमें एक या अधिक आवश्यक अमीनो एसिड की कमी होती है। हालाँकि, बीन्स और चावल जैसे विभिन्न पौधे आधारित प्रोटीन स्त्रोतों को मिलाकर, सभी आवश्यक अमीनो एसिड प्राप्त करना संभव है।

### प्रोटीन डाइट का नेशनल सर्वे

वर्ल्ड प्रोटीन डे के मौके पर हुए गए एक नए सर्वे में पता चला है कि ज्यादातर भारतीय प्रोटीन को एनर्जी पाने और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए बेहद जरूरी मानते हैं। भारत के 17 शहरों में 4,300 लोगों पर किए गए इस सर्वे में यह बात सामने आई कि 3 में से 2 भारतीय 65 प्रतिशत बादाम को हाई प्रोटीन स्नैक मानते हैं। छोटे शहरों में बादाम को प्रोटीन के स्रोत के रूप में ज्यादा पहचान मिली है। दिलचस्प बात यह है कि इन शहरों में पहचान का स्तर बड़े शहरों से ज्यादा था।

# तीन साल से काम बंद ठेकेदार पर लगाई पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्ष 2021 यानि करीब 5 साल पहले रायगढ व अविभाजित सारंगढ जिले में शुरू हुए आधा दर्जन पुल पुलियों का निर्माण अभी भी अधर में है। कुछ स्थानों पर काम स्थाई तौर पर बंद है तो कुछ साइट पर अति मंद गति से कार्य के प्रगतिरत होने की औपचारिकता पूरी की जा रही है। इन तमाम निर्माण कार्यों को इस वर्ष पूर्ण होना था लेकिन कार्य की गति से ऐसा बिल्कुल नहीं लगता। हांलाकिं सेतु विभाग के कार्यपालन अभियंता रमेश शर्मा ने नियम के तहत संबंधित फर्म पर पेनाल्टी लगाई है, साथ ही इस वर्ष हर हाल में सभी काम पूरा करने हेतु ठेकेदार पर दबाव भी बना रहे हैं। ईई का कहना है कि अब लापरवाही बरतने पर टर्मिनेशन की कार्रवाई होगी।

गौरतलब है कि सेतु विभाग की ओर से जिले में पांच पुल पुलियों का निर्माण का कार्य जशपुर के एक ठेकेदार को 17 फीसद बिलो में टेंडर दिया गया है। इसमे नरकालो धरमजयगढ, बडे नवापारा बरमकेला, सपनई नाले पर तुरेकेला तिऊर, कुरकुट नदी पर बेहरामुडा, तेंदुमुडी समेत एक और पुल का निर्माण लुडेग के ठेकेदार विशंभर दयाल को मिला है। इन सभी कार्यों की लागत 50 करोड के करीब है और सभी कार्यों की पूर्णता अवधि 14 से 24 माह निर्धारित है लेकिन चार साल से अधिक समय होने के बावजूद अब तक कोई भी काम पूरा नहीं हुआ है। सूत्रों की मानें तो अधिकृत फर्म ने अब तक जितना काम किया है एउसका भुगतान भी ले लिया है। अब 17 फीसद कम रेट में टेंडर लेने के बाद सेतु विभाग पर ठेकेदार से ज्यादा काम पूरा कराने का दबाव तो है लेकिन अधिकारी की मानें तो ज्यादा दबाव बढने पर कान्ट्रेक्टर कोर्ट मे चला जाता है और उसे इसका लाभ भी मिल जाता है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो विभाग में आर्थिक कमजोरी के कारण भी पूर्व में निर्माण कार्य पर प्रभाव पडा था लेकिन अब स्थिती सुदृढ है और काम फिर से जल्द शुरु होगा। सेतु विभाग के ईई ने साइट की निगरानी ए गुणवत्ता में कमी तथा कार्य से अधिक भुगतान करने जैसे आरोपों को विभाग के असंतुष्ट लोगो द्वारा फैलाई गई अफवाह बताते हुए सभी कार्य नियम कायदों के अनुसार व विभागीय निगरानी में करायू जाने की बात दोहराई।



- सेतु विभाग के आधा दर्जन पुल . पुलियों का निर्माण एक ही फर्म को

**जल्द पूर्ण होगा निर्माण**


सेतु विभाग के अंतर्गत रायगढ और सारंगढ के पांच कार्य विशंभर दयाल फर्म को मिले हैं। काम की गति धीमी है और इसके लिए पेनाल्टी लगाकर नोटिस भेजी जा रही है। इस वर्ष कार्य पूर्ण ना करने पर उच्च विभाग से संबंधित फर्म के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

रमेश कुमार वर्मा
ईई, सेतु विभाग

# पंचायत क्षेत्र में बीडीसी गीतांजली ने निकाली जन आभार रैली



**तमनार।** त्रिस्तरीय स्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत क्षेत्र तमनार से गीतांजली पटनायक ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर अपना वर्चस्व साबित कर दिया है। गीतांजली पटनायक ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी ममता साव को 811 मतों के अंतर से निर्वाचित हुए हैं। आपको बता दे कि तमनार बीडीसी पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में थे, मतदाताओं ने गीतांजली पटनायक के कुशल व्यवहार कर्त्तव्य निष्ठता सनजिक कार्य पर भरोसा जताया। गीतांजली पटनायक ने अपने ग्राम में मतदाताओं का आभार धन्यवाद देने घर घर जाकर आभार जताया और आशीर्वाद ली। नवनिर्वाचित बीडीसी गीतांजली पटनायक ने बताया कि क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद हमारे ऊपर बना हुआ है। हम भी क्षेत्र की जनता के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। जनपद सदस्य निर्वाचित होने के बाद जनता के लिए सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता जैसी सुविधाओं को उपलब्ध करने के लिए काम करेंगे।

28 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 2/28/2025 10:11 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद में आशा भारद्वाज बनी सरपंच



**डोंगाकोहरौद।** जनपद पंचायत पामगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद में श्रीमती आशा दुकालू भारद्वाज सरपंच नवनिर्वाचित हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि गांव में मूलभूत सुविधाओं के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सड़क निर्माण जैसे बुनियादी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पंचायत के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। ग्रामवासियों ने भी श्रीमती आशा दुकालू भारद्वाज की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनसे विकास के प्रति ईमानदार प्रयास की उम्मीद जताई। ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया।

### जिला कांग्रेस आज करेगा ईडी का पुतला दहन

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा की केंद्र सरकार के आनुषांगिक संगठन के रूप में कांग्रेस सहित विपक्ष के नेताओं और कार्यकर्ताओं के ऊपर तानाशाही और द्वेषपूर्ण कार्यवाही करने के खिलाफ शनिवार 1 मार्च को सायं 5 बजे से कचहरी चौक जांजगीर में जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के तत्वावधान में ईडी का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित की गई है। कार्यक्रम में विशेष रूप से जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक व्यास कश्यप, कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

### गोधना में बिजली हाफ रहने से विद्यार्थी एवं ग्रामीण परेशान

**गोधना।** बिजली की आंख मिचौली एवं लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण एवं विद्यार्थी खासे परेशान है। बिजली नहीं होने एवं लो वोल्टेज होने से बोर्ड परीक्षा संबंधी तैयारी में छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केरा सब स्टेशन के अंतर्गत विद्युत चलित गांव गोधना में बिजली हाफ रहने से लोग एवं विद्यार्थी परेशान रहे। गुरुवार की शाम 6 बजे से बिजली का सप्लाई हाफ रहा, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हुई वहीं विद्यार्थियों को बोर्ड एग्जाम की तैयारी करने में परेशानी हुई क्योंकि एक मार्च से बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन होना है जिसमें विद्यार्थी अपनी परीक्षाओं की तैयारी में जोर-शोर से लगे हुए हैं। वहीं बिजली हाफ रहने से उन्हें पढ़ने में कई सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऐसा ही हाल रहा तो विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में हो सकता है। इसलिए बिजली विभाग सही समय पर मेंटेनेंस का कार्य कर लेवें जिससे विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने में परेशानी ना हो।

### क्षेत्र क्रमांक-11 से शांति ताराचंद चुनी गईं जिला पंचायत सदस्य

**डभरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी शांति ताराचंद साहू ने जीत दर्ज करते हुए



जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं, जिन्होंने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को कड़े मुकाबले में हराया। विदित हो कि अभी हाल ही में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ है जिसमें क्षेत्र क्रमांक 11 देवरघटा से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी शांति ताराचंद साहू ने शानदार जीत करते हुए जिला पंचायत सदस्य चुनी गयीं उनकी जीत इसलिए ज्यादा मायने रखती है क्योंकि उन्होंने भाजपा समर्थित प्रत्याशी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को हराकर जीत हासिल किया। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से 06 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे थे जहां कुल 28222 मत पड़े जिसमें विजयी प्रत्याशी शांति ताराचंद साहू को 12902 मत मिले वही दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी को 12305 मत प्राप्त हुए इस तरह से शांति ताराचंद साहू ने कड़े मुकाबले में 597 मतों से जीत दर्ज किया बाकि अन्य चार प्रत्याशियों को बहुत कम मत प्राप्त हुए। विजयी प्रत्याशी ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार प्रकट हुए कहा कि सभी को साथ लेकर चलेंगे और क्षेत्र का विकास करवाएंगे। उनके जिला पंचायत सदस्य चुने जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### वित्तीय साक्षरता एवं साइबर क्राइम विषय पर कार्यशाला

# महिला सशक्तिकरण में बिहान कैडर की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन की अध्यक्षता में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया।

वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत कार्यशाला में वित्तीय साक्षरता एवं साईबर क्राईम विषय पर सक्ती जिला अंतर्गत बिहान समुदाय संवर्ग की एफएलसीआरपी, बैंक सखी, बैंक मित्र, बीपीएम व पीआरपी आदि को जानकारी प्रदान की गई। वित्तीय साक्षरता एवं साइबर क्राईम विषय पर आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर श्री तोपनो ने संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित बिहान कैडर की सभी महिलाओं को इसका पूरा लाभ उठाने तथा वित्तीय समावेशन व सायबर अपराध रोकने की जानकारी गांव-गांव में तथा स्वसहायता समूह की दीदीयों तक प्रचार प्रसार करने व जागरूक करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि महिला सशक्तीकरण में बिहान कैडर की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। एक दिवसीय कार्यषाला में



कार्यशाला में जानकारी देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं अन्य।

आरबीआई के प्रबंधक सुशील शहाणे द्वारा वित्तीय साक्षरता अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों बैंकिग सेवा, बीमा, ऋण खाता खुलवाना तथा बचत के विषय पर चर्चा करते हुए वित्तीय समझदारी, समृद्ध नारी थीम पर फोकस करते हुये विभिन्न जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही कार्यशाला में पुलिस विभाग अंतर्गत सायबर सेल के अधिकारियों द्वारा सायबर अपराध से संबंधित विषयों पर आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए समस्या से बचने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही कार्यशाला में बचत बजट, विभिन्न सेवाओं, योजनाओं, सामान्य बैंकिंग, एटीएम का इस्तेमाल, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, जनधन, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति, सचेत पोर्टल, विविधीकरण, डिजिटल धोखाधड़ी एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 14448 आरबीआई लोकपाल एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में विकास के लिए ऋण, डिजिटल बैंकिंग में सावधानियाँ, शिकायत निवारण प्रणाली, फ्रौड से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गयी। कार्यशाला में स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव, लीड बैंक मनेजर मनोज कुमार वर्मा, पुलिस विभाग व सायबर शाखा के अधिकारी, बिहान कैडर की महिलाएं उपस्थित थें।

# छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का सबसे बड़ा स्थान शिवरीनारायण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर के महंतलाल दास महाविद्यालय मैदान में आयोजित चार दिवसीय शिवरीनारायण महोत्सव का समापन बुधवार 26 फरवरी को कवि सम्मेलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल उपस्थित थे। इस दौरान शिवरीनारायण महोत्सव समिति के अध्यक्ष संजय

- शिवरीनारायण महोत्सव में अनामिका जैन की कविता पाठ पर झूमे दर्शक

अग्रवाल, नगर पंचायत शिवरीनारायण के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल थवाईत सहित अनेक अतिथि मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि हमारी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत बहुत ही मजबूत है। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक विरासत का सबसे बड़ा स्थान शिवरीनारायण है। भगवान श्रीराम ने इस शिवरीनारायण में माता शबरी के झूठे बेर खाए हुए है। ऐसी सांस्कृतिक विरासत का यह शिवरीनारायण है। वास्तव में आज जरुरत है इस नगर की पहचान दुनिया में हो। वर्तमान समय में शिवरीनारायण गुप्त तीर्थ राज प्रयाग है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या



कार्यक्रम की प्रस्तुति कवित्री अनामिक जैन।

अस्थि विसर्जन किया जाता है। महोत्सव के समापन पर मेरठ के सुप्रसिद्ध कवियत्री अनामिका जैन अम्बर, वीर रस के दिग्गज कवि सौरभ एवं कोरबा छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध स्थानीय कवि हीरामणि वैष्णव ने अपनी कविता पाठ कर समा बांधा। कवित्री अनामिका जैन के कविताओं ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। उनके भजनों में लोग जमकर झूमे। क्रांति कवि सौरभ जैन सुमन के कविताओं ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य कवि हीरामणी वैष्णव के कविताओं ने लोगोंको खूब हंसाया। आयोजन समिति ने पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, कवित्री व गायिका अनामिका जैन अम्बर, कवि सौरभ जैन सुमन व कवि हीरामणी वैष्णव का पुष्पगुच्छ व शाल श्रीफल से सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंच संचालन शरद पाण्डेय व आभार प्रदर्शन नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने किया। समापन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, विधायक प्रत्याशी संतोष लहरे, सीएमओ राकेश साहू, नगर पंचायत खरौद के अध्यक्ष गोविंद यादव, पूणेन्द्र तिवारी, सुखराम दास, हरीश कुमार तिवारी, शरद शर्मा सहित हजारों की संख्या में दर्शक एवं नगर पंचायत के नवनिर्वाचित पार्षद ,पूर्व जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल नगर के बिलासपुर रोड स्थित आनंदम धाम पहुंचे, जहां उन्होंने सद्गुरु रितेश्वर महाराज का आशीर्वाद लिया।



## छात्र-छात्राओं को उनके मौलिक अधिकारों एवं कानूनी सहायता के बारे में दी गई जानकारी

**सक्ती।** नवजीवन मूक बधिर विद्यालय सक्ती में शुक्रवार 28 फरवरी को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विशेष न्यायाधीश श्रीमती गंगा पटेल फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती द्वारा छात्र छात्रों को उनके मौलिक अधिकारों, शिक्षा के अधिकार, गुड टच बेड टच और कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया। मूक-बधिर छात्राओं को विशेष रूप से यौन उत्पीड़न, बाल श्रम और बाल अधिकार के बारे में बताया गया। विद्यालय के छात्रों ने इशारों की भाषा (साइन लैंग्वेज) के माध्यम से अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका उत्तर न्यायाधीश ने सरल भाषा में दिया। शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे और कार्यक्रमों के आयोजन की मांग की। कार्यक्रम में प्राचार्य ओनिला रुन्डा शिक्षकगण अमृता खालखो, निर्मला भेंगरा, संगीता डुंग डुंग, नीरबाई सोनी, मि. कामेश्वर गबेल, भोपाल पांडे, पुष्पराज जगत, कोर्ट स्टाफ दीपेंद्र कुमार और पैरालीगल वालेंटियर मनीष साहू उपस्थित रहे।

## सौर ऊर्जा अच्छी ऊर्जा का स्थायी स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

महंगी बिजली से राहत दिलाने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री मुक्त सूर्य घर योजना चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत बड़ी संख्या में लोग सोलर पैनल के माध्यम से अपने घरों के लिए आवश्यक बिजली स्वयं पैदा कर रहे हैं एवं अतिरिक्त बिजली को शासन को बेचने का भी प्रावधान किया गया है जिससे यह योजना अतिरिक्त कमाई का जरिया भी बन सकता है।

- महंगी बिजली बिल से राहत दिलाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना से लोग हो रहे लाभान्वित

योजना के सम्बंध में जानकारी देते हुए अकलतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश कुमार चौहान ने बताया कि सौर ऊर्जा साफ और अच्छी ऊर्जा का स्थायी स्त्रोत है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को लाया गया है। नोडल अधिकारी पीएम सूर्य घर योजना महेश जायसवाल ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना में पर्यावरण संरक्षण के साथ कंज्यूमर को महंगी बिजली बिल से राहत दिलाने हेतु केंद्र सरकार ने इस योजना में 78000 की अधिकतम सब्सिडी का प्रावधान रखा है जिससे उपभोक्ता न सिर्फ इस योजना की ओर आकर्षित हो रहे बल्कि उनको बड़ी राहत भी मिल रही



है। यह योजना पहले क्रेड़ा विभाग का था लेकिन अब इंस्टालेशन की जिम्मेदारी विद्युत विभाग को सौंपी गई है। जांजगीर जिला में अब इस योजना का लोग लाभ उठा रहे है। वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा जिला मुख्यालय, अकलतरा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोलर पैनल इंस्टॉल किया जा रहा है। योजना के बेहतर प्रतिसाद से विद्युत उपभोक्ता उत्साहित होकर सोलर पैनल इंस्टॉल कराने हेतु उत्सुक हो रहे हैं। 28 फरवरी को को अकलतरा और तरोद में 9 किलो वाट सोलर पैनल सीएसपीडीसीएल से अधिकृत वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा किया गया। अब तक 29 सोलर पैनल इंस्टॉल किया गया है साथ बहुत से आवेदन है जिसको प्रक्रिया बाद इंस्टॉल किया जाएगा।

## कन्नौजे रजक समाज ने प्रतिभावान सदस्यों का किया सम्मान

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति बिलासपुर संभाग के तत्वाधान में स्व. भागीरथी निर्मलकर पूर्व सरपंच एवं स्व. श्रीमती खीक बाई निर्मलकर की स्मृति में समाज के नवनिर्वाचित पार्षद,पंच ,सरपंच ,जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य ,सामाजिक पदाधिकारीयों, सामाजिक कार्यों मे योगदान देने वाले एवं समाज के प्रतिभावान सदस्यों का सम्मान किया गया।



सम्मान समारोह कार्यक्रम विश्राम निर्मलकर, रामेश्वर निर्मलकर, लक्ष्मीकांत , महेश कष, ज्ञान सिंह निर्मलकर गगेय लाल निर्मलकर, ईश्वरी कर्स नारद , सुखसागर , पित्रेश उजागर डीआर कर्ष ,अमृतलाल निर्मलकर शिवफल निर्मलकर जागेशर ,पित्रेश उजागर ,श्रवण, विक्की निर्मलकर, श्याम कुमार, जलाधरा ,फागुराम के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संभागीय कोषाध्यक्ष लोकनारायण निर्मलकर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजकुमारी, ललित निर्मलकर, सीमा निर्मलकर एवं ग्राम नरियरा ,झलमला , महमंद , सेवार, रसेड़ा, भटगांव, जूनडीह, राजपुर के नवनिर्वाचित प्रतिनिधि , समाजसेवी एवं प्रतिभावान सदस्य बड़ी संख्या मे शामिल हुए।

## महाशिवरात्रि के दिन होता है शिव का दिव्य अवतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तिवारी पारा खरौद सेंटर द्वारा 89 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के पावन पर्व पर शिव ध्वजारोहण एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया था।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष गोविंद यादव एवं पूर्व नगर अध्यक्ष सुबोध शुक्ला, हुलास राम साहू, हे कृष्ण साहू, परमानंद रोहिदास, श्रीमती रीका यादव, श्रीमती गेंदबाई आदित्य, श्रीमती अमरिका बाई घृतलहरे, श्रीमती दीपशिखा यादव, कुमारी नीलम यादव,भ्राता मनोरंजन यादव, भ्राता महेश्वर प्रसाद यादव, श्रीमती प्रमिला यादव, भ्राता सत्यम सिदार सभी पार्षद गण दीप प्रज्वलन, भूमि पूजन एवं सभी मिलकर शिव ध्वज फहराया गया। ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का तिलक, रिबन बैच एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कु. माही, कु. रानी ने स्वागत नृत्य से स्वागत किया। बी.के. खिलेश्वरी बहन ने संस्था का परिचय दिया। बी.के. चंद्रकांता बहन द्वारा अतिथियों को तिलक दिये। खरौद सेंटर के मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने परमात्मा शिव

- त्रिमूर्ति शिव जयंती पर शिव ध्वजारोहण एवं भूमि पूजन का हुआ कार्यक्रम



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

का सत्य परिचय देते हुए शिवरात्रि का अर्थ बताया शिवरात्रि के दिन शिव के भक्त व्रत ,उपवास जागरण करते हैं। शिव के ऊपर अक , धतूरा, बेलपत्र कड़वे चीज चढ़ाए जाते हैं। वास्तव में अपने अंदर की बुराइयों को अर्पित करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। रात्रि शब्द का अर्थ ही है कोई यह दिन रात की बात नहीं है वास्तव में परमात्मा कलयुग रूपी घोर रात्रि में अज्ञान निद्रा में सोए हुए मानव को आकर जागते हैं। उनका दिव्य अवतरण होता है जिसकी यादगार में पूरे भारत वर्ष में महा शिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। नगर अध्यक्ष भ्राता गोविंद यादव एवं पूर्व नगर अध्यक्ष भ्राता सुबोध शुक्ला अपना - अपना उद्बोधन दिए। सभी बी.के. भाई-बहनें उपस्थित रहे एवं अंत में सभी को प्रसाद बांटा गया।

## प्रेक्टिस टेस्ट में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रसौटा को मिला जिला स्तरीय पुरस्कार

**पामगढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रसौटा को एनएमएमएस (एमएटी) प्रेक्टिस टेस्ट में जिले में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शिक्षण उत्सव जिला स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सफलता के लिए विद्यालय की प्रभारी प्रधानपाठिका श्रीमती सरोज मांझी डाहिरे ने जिले के मुखिया आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर डी. पी.अधिकारी, अश्वनी कुमार भारद्वाज जिला शिक्षा अधिकारी, आर.के.तिवारी डीएमसी, मोहन कौशिक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पामगढ़, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयराम सारथी, राकेश सोनी,




सुचिता भोंसले, दुष्यंत भतृहरि बीआरसीसी, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वय का सतत मार्गदर्शन व विद्यालय में कार्यरत शिक्षक हेमंत कुमार भारद्वाज, श्रीमती निशा सिंह, विजय बंजारे के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि ये विद्यार्थियों के कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रसौटा को जिला स्तरीय स्वच्छ विद्यालय का भी अवार्ड प्राप्त हो चुका है।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर 9 को

**बिर्रा।** प्रथम हास्पिटल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में 9 मार्च रविवार को आयोजित होगा। शिविर में अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग की जांच की जाएगी। शिविर में डॉ. रजनीश पाण्डेय मस्तिष्क संबंधी रोध लकवा, मिर्गी, झटके, सिर के चौट संबंधी परामर्श, डॉ. एस. के.धर, मधुमेह एवं हृदय रोग सलाहकार,डॉ. लक्ष्मीनारायण मिश्रा, सामान्य रोग,डॉ. वैभव कौशिक अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. अम्बिकेश पाण्डेय सामान्य रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। निःशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग संबंधित जांच और परामर्श प्रत्येक माह का द्वितीय रविवार समय 11 बजे 2 बजे तक आयोजित है। शिविर में मनोज कुमार तिवारी, रामकिशोर देवांगन और नारायण मेडिकल बिर्रा, अभिषेक कुमार देवांगन से संपर्क कर अग्रिम पंजीयन कराया जा सकता है।

हरिभूमि

**पाठकों के लिए माह फरवरी 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2025 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर





